इंजीनियरिंग सर्विसेज़
लोन लाक्लेयर (Lon LaClaire), M.Eng., P.Eng.
सिटी इंजीनियर / जनरल मैनेजर

**IMPORTANT INFORMATION**
Please have this translated

**معلومات مهمة:** البحث على الترجمة

**重要资讯:** 请找人为你翻译

**重要資訊:** 請找人為你翻譯

**اطلاعات مهم:** لطفا درخواست کنید که این اطلاعات را برای شما ترجمه کنند

**RENSEIGNEMENTS IMPORTANTS**
Prière de les faire traduire

**重要な情報:** これを翻訳してください

**중요정보:** 번역해주세요

**INFORMAÇÃO IMPORTANTE**
Favor solicitar tradução

**ਜ਼ਰੂਰੀ ਜਾਣਕਾਰੀ**
ਕਿਰਪਾ ਕਰਕੇ ਇਸਦਾ ਅਨੁਵਾਦ ਕਰਵਾਓ

**INFORMACIÓN IMPORTANTE**
Busque a alguien que le traduzca

**MAHALAGANG IMPORMASYON**
Mangyaring isalin ito

**TIN TỨC QUAN TRỌNG**
Xin hãy dịch sang tiếng Việt

9 फ़रवरी, 2026

**विषय: 49th Avenue पर आगामी बस लेन और बस स्टॉप में बदलाव**

प्रिय निवासी या बिज़नेस के मालिक,

हम आपको 49th Ave पर बस लेन और बस स्टॉप में होने वाले नियोजित बदलावों की जानकारी देने तथा पार्किंग और लोडिंग पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के संबंध में आपकी राय माँगने के लिए लिख रहे हैं।

2026 की वसंत में, वैंकूवर सिटी और TransLink की Route 49 पर बस स्टॉप की दूरी में समायोजन करने और 49th Ave पर Cambie St और Fraser St के बीच बस लेनें जोड़ने की योजना हैं।

इन सुधारों से:

- बसों को ट्रैफ़िक में सुचारु रूप से चलने और समय पर रहने में मदद मिलेगी
- व्यवसायों तक पहुँच बनाए रखते हुए, प्रतिदिन 37,000 से अधिक ट्रांज़िट यात्राओं के लिए यात्रा समय और विश्वसनीयता में सुधार होगा
  49th Ave और आठ अन्य कॉरिडोर पर ट्रांज़िट को प्राथमिकता देने के काउंसिल के निर्देश को समर्थन मिलेगा, ताकि बस यात्रा समय और विश्वसनीयता में 10% सुधार प्राप्त किया जा सके

वैंकूवर सिटी, इंजीनियरिंग सर्विसेज़
ट्रांसपोर्टेशन डिवीजन, ट्रांसपोर्टेशन डिज़ाइन
507 W Broadway, Vancouver, British Columbia V5Z 0B4 Canada
3-1-1 पर कॉल करें
vancouver.ca

**<u>क्या बदल रहा है</u>**

**49th Ave पर Cambie St से Fraser St तक बस लेनें**

49th Ave पर यूटिलिटी अपग्रेड और फुटपाथ सुधार पूरा होने के बाद, **49th Ave पर Cambie St और Fraser St के बीच दोनों दिशाओं में कर्ब लेनों (सड़क के किनारे वाली लेनों) को सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक, सप्ताह के सातों दिन, बस लेनों के रूप में चिह्नित करने की योजना है** (पृष्ठ 4 पर नक्शा देखें)।

सड़क के किनारे पार्किंग को प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक तथा चौराहों के पास प्रतिबंधित किया जाएगा। अधिक यात्रियों वाले वाहनों (HOVs) को बस लेन में चलने की अनुमति नहीं होगी। चौराहे या ड्राइववे के करीब पहुँचने पर वाहन दाएं मुड़ने के लिए बस लेन में प्रवेश कर सकते हैं।

## बस स्टॉप सुधार

Route 49 पर आधे से अधिक बस स्टॉप, TransLink के दिशानिर्देशों की तुलना में बहुत पास-पास स्थित हैं। यात्राओं को तेज़ और अधिक विश्वसनीय बनाने के साथ-साथ ट्रांज़िट तक सुविधाजनक पहुँच बनाए रखने के लिए, 49th Ave पर और Dunbar St और 41st Ave के हिस्सों पर Route 49 के बस स्टॉप स्थानों में बदलावों का प्रस्ताव दिया गया है (पृष्ठ 4 पर नक्शा देखें)।

Route 49 पर स्टॉप में निम्न अनुसार बदलाव करने का प्रस्ताव है:

- पूर्व की ओर स्टॉप की संख्या को 62 से घटाकर 48 करना (15 स्टॉप रद्द, और 1 नया स्टॉप)
- पश्चिम की ओर स्टॉप की संख्या को 61 से घटाकर 50 करना (13 स्टॉप रद्द और 2 नए स्टॉप)

नए बस स्टॉप और तीन अन्य मौजूदा स्टॉप पर सुलभ लैंडिंग पैड स्थापित किए जाएंगे।

**<u>अपनी राय दें – अपनी लोडिंग और पार्किंग आवश्यकताओं के बारे में हमें बताएँ</u>**

हम समझते हैं कि सड़क के किनारे की जगह में बदलाव से पिक-अप, डिलीवरी और पार्किंग प्रभावित हो सकती है। इन प्रभावों को कम करने में मदद के लिए, हम पास की साइड स्ट्रीट्स पर अतिरिक्त लोडिंग ज़ोन और समय-सीमित पार्किंग की पड़ताल कर रहे हैं। आपकी राय लोडिंग आवश्यकताओं को बेहतर समझने और लोडिंग ज़ोन, साइड-स्ट्रीट पार्किंग या पिछली-लेन के संचालन में बदलावों पर विचार करने में हमारी मदद करेगी।

**अपनी लोडिंग और पार्किंग आवश्यकताओं या किसी भी अतिरिक्त प्रतिक्रिया को साझा करने के लिए हमारा ऑनलाइन सर्वेक्षण पूरा करें, जो 9 फ़रवरी से 1 मार्च तक उपलब्ध है:**
https://survey.vancouver.ca/s3/49th-Ave-Bus-Priority-Feedback-Survey
बस स्टॉप बदलावों पर अपनी प्रतिक्रिया TransLink के ऑनलाइन सर्वेक्षण में साझा करें, जो **9 फ़रवरी से 1 मार्च** तक translink.ca/route49 पर उपलब्ध है।

**अधिक जानकारी**

49th Ave बस लेनों के बारे में प्रश्नों या अधिक जानकारी के लिए:

- vancouver.ca/49ave-transit पर जाएँ
- 49avebuspriority@vancouver.ca पर ईमेल करें
- सिटी के Van311 ऐप का उपयोग करें, दिन के 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन
- 3-1-1 पर कॉल करें
- 1 मार्च 2026 तक vancouver.ca/49ave-transit पर ऑनलाइन सर्वेक्षण भरें या नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करें:

Route 49 के बस स्टॉप में सुधारों और बदलावों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया TransLink से संपर्क करें:

- translink.ca/route49 पर जाकर प्रोजेक्ट के विवरण देखें और 1 मार्च 2026 तक ऑनलाइन सर्वेक्षण भरें।
- बस स्टॉप और समय-सारिणी से संबंधित अपडेट के लिए translink.ca/schedules पर जाएँ।
- ग्राहक सेवा को 604-953-3333 पर कॉल करें, सुबह 6:30 बजे से रात 10:00 बजे तक, सप्ताह के 7 दिन।

सादर,

**वैंकूवर सिटी बस प्रायोरिटी टीम**


*507 W Broadway, Vancouver, British Columbia V5Z 0B4 Canada*

## 49th Avenue पर आगामी बस लेन में बदलाव (Cambie St - Fraser St)

**सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक, सप्ताह के 7 दनि बस लेनें**

- 49th Ave पर Cambie St और Fraser St के बीच **नई बस लेनें** जोड़ना
- Main St की ओर जाने वाली 49th Ave के उत्तर की ओर मौजूदा बस लेनों को केवल कार्यदविसों को सुबह/शाम पीक घंटों से **बढ़ा कर सुबह 7 से रात 10 बजे तक, सप्ताह के 7 दनि** करना
- बस लेन के समय के दौरान **पार्कगि को प्रतबिंधति करना**
- अन्य अधकि ऑक्यूपेंसी वाले वाहनों (HOVs) को बस लेन में चलने की **अनुमतनिहीं**




## प्रस्तावित बस स्टॉप परिवर्तन (Crown St - Boundary Rd)

